मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-481
17/09/2023

# मुख्यमंत्री ने एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने पर टीम इंडिया को बधाई दी

पटना, 17 सितम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने पर टीम इंडिया को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम ने एशिया कप में अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक जीत दर्ज कर पूरे देश को गौरवान्वित किया है, इसके लिये टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा है कि इस तरह का विलक्षण प्रदर्शन खेल प्रेमियों को नई ऊर्जा देता है तथा खेल एवं खिलाड़ी दोनों को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाता है।

******